कोड - 001

# अर्धवार्षिक परीक्षा 2017-18

कक्षा- ग्यारहवीं

CGboardonline.com

विषय - हिन्दी

समय - 3.00 घंटे

पूर्णांक - 100

निर्देश :- सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य।

प्रश्न क्र. 1 में वस्तुनिष्ठ प्रश्न के दो खण्ड है, प्रत्येक पर 1 अंक निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 2 से 7 में प्रत्येक के लिए 2 अंक तथा शब्द सीमा 25 निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 8 से 13 में प्रत्येक के लिए 3 अंक तथा शब्द सीमा 50 निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 14 से 19 में प्रत्येक के लिए 4 अंक तथा शब्द सीमा 75 निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 20 से 23 में प्रत्येक के लिए 5 अंक तथा शब्द सीमा 100 निर्धारित है।

प्रश्न क्र. 24 एवं 25 निबंधात्मक प्रश्न है इसमें शब्द सीमा 250 शब्द तथा 8 अंक निर्धारित है।

---

प्रश्न 1. (अ) सही विकल्प चुनकर लिखिए।

CGboardonline.com

(1) हिन्दी साहित्य के सूर्य है।

(अ) तुलसी (ब) बिहारी (स) केशव (द) सूर

(2) ऋतुराज की संज्ञा किसे दी गई है।

(अ) वर्षाऋतु (ब) शीतऋतु (स) बसंत ऋतु (द) ग्रीष्म ऋतु

(3) किसको जाने बिना न उसका तंत्र संभव है न नीति, न मंगल।

(अ) लोक (ब) ज्ञान (स) विज्ञान (द) धर्म

(4) पृथ्वी माता है और जन है।

(अ) पुत्र (ब) सेवक

(स) संस्कृति (द) इनमें से कोई नहीं

(5) वर्णो के उच्चारण में जो समय, लगता है उसे कहते हैं।

(अ) मात्रा (ब) तुक (स) गण (द) लय

(ब) रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए।

(1) जीवन के विटप का पुष्प ----------- है।

(2) वीभत्स रस का स्थायी भाव ----------- है।

(3) जीवन के --------- का पुष्प संस्कृति है।

(4) एक अंक वाली रचना ----------- कहलाती है।

(5) ----------- को गांधी जी का प्रथम छत्तीसगढ़ आगमन हुआ।

प्रश्न 2. तुलादान से आपका क्या आशय है ? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 3. आत्मकथा एवं जीवनी में अंतर लिखिए।



CGboardonline.com

प्रश्न 4. कपटी लोग बहुधा मिष्ठभाषी होते हैं। कैसे ?

प्रश्न 5. लोक जीवन का सार क्या है ? CGboardonline.com

प्रश्न 6. छंद की परिभाषा देते हुए बताइए कि उसके कितने अंग हैं ?

प्रश्न 7. रीतिकालीन काव्य को दो प्रवृत्तियों को उदाहरण सहित समझाइये।

प्रश्न 8. जड़ की महत्ता को स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 9. ऋतुराज की संज्ञा किसे और क्यों दी गई ?

प्रश्न 10. गोपियों ने निर्गुण ब्रह्म का उपहास किस प्रकार किया ?

प्रश्न 11. भूमि के प्रति हमारा क्या कर्त्तव्य है ?

प्रश्न 12. छायावाद की कोई तीन विशेषताएं लिखिए।

प्रश्न 13. डॉ. विश्वेश्वरैया के दीर्घ और सफल जीवन का रहस्य क्या है ? लिखिए।

प्रश्न 14. जवानी कविता से नवयुवकों को मिलने वाली चार शिक्षाओं का उल्लेख कीजिए।

अथवा

माखनलाल चतुर्वेदी ने 'जवानी' को पागल क्यों कहा है ?

प्रश्न 15. पं. प्रताप नारायण मिश्र अथवा शंकर शेष का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए।

दो प्रमुख रचनाएँ (2) भाषा-शैली

प्रश्न 16. एकलव्य का चरित्र-चित्रण कीजिए।

अथवा CGboardonline.com

भ्रमर गुलाब के फूल में क्यो अटका रहता है ? कवि इसके माध्यम से क्या कहना चाहते हैं ?

प्रश्न 17. सूरदास अैवा माखनलाल चतुर्वेदी का साहित्यिक परिचय निम्न बिन्दुओं के आधार पर दीजिए।

(1) दो प्रमुख रचनाएँ (2) भावपक्ष एवं कला पक्ष

प्रश्न 18. पं. सुन्दरलाल शर्मा को छत्तीसगढ़ का गांधी क्यों कहा जाता है?

अथवा

'लोक का प्रशिक्षण पुस्तकों में नहीं, परम्परा तथा संस्कारों से होता है ? स्पष्ट कीजिए।

प्रश्न 19. 'हमारा प्यारा भारत वर्ष' पाठ से मिली सीख को अपने शब्दों में लिखिए।

अथवा

परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए कौन-कौन से गुणों का होना आवश्यक है ? विस्तारपूर्वक उत्तर दीजिए। CGboardonline.com

प्रश्न 20. निर्देशानुसार वाक्य परिवर्तित कीजिए।

(1) वह नास्तिक नहीं है। (विधिवाचक)

(2) अच्छे छात्र परिश्रमी होते हैं। (मिश्रवाचक वाक्य)

(3) वह कल घर जायेगा। (संदेहवाचक)

(4) वे परस्पर एक दूसरे से घृणा करते हैं। (वाक्य शुद्ध कीजिये)

अथवा CGboardonline.com

मिश्रवाक्य एवं संयुक्त वाक्य में कोई चार अंतर लिखिए।

प्रश्न 21. किसी एक पद्यांश का संदर्भ, प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए।

कहलाने एकत बसंत, अहि मयूर मृग बाघ।
जगत तपोवन सो किर्यो, दीरघ, दाघ, निदाघ ॥

अथवा

वृप को तरनि तेज सहर्सौ किटन करि,
ज्वालन के जाल विकराल बटखत हैं।
वचति घरनि जग जरत झरनि,
सीटी छांह को पकरि पंथी पंछी बिरमत है।
सेनापति नैकु दुपहरी के ढरत
होत धमका विपम जो न पात खटकत है।
मेरी जान पौनो सीटी टौर को पकीर कोनो
घटी एक बैठिक कह जामै बितवत है ॥ CGboardonline.com

प्रश्न 22. किसी एक गद्यांश की संदर्भ, प्रसंग सहित व्याख्या कीजिए।

"कपटी लोग बहुधा मिष्ठभापी और शिष्टाचारी होते हैं। थोड़े ही मूल्य की धातु में अधिक ठनठनाहट होती है। थोड़े योग्यता में अधिक आडम्बर होता है फिर यदि परीक्षक धोखा खा जाए तो क्या अचम्भा है।"

अथवा

एकलव्य का अंगूठा बने रहने का अर्थ समझते हो ? धनुर्विद्या पर उसका अधिकार हो जायेगा। धीरे-धीरे उसकी जाति का अधिकार हो जायेगा। (विराम) उसका अंगूठा छीनकर में इस संभावना को हमेशा के लिए समाप्त कर दूंगा। समझे ?

प्रश्न 23. सचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर छत्तीसगढ़ को दसवीं बोर्ड परीक्षा की अंकसूची की द्वितीय प्रति प्राप्त करने हेतु एक आवेदन पत्र लिखिए।

अथवा CGboardonline.com

अपने छोटे भाई को पत्र लिखिए, जिसमें उसे व्यायाम का महत्व बताया गया हो।

प्रश्न 24. निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लिखिए।

"हिंसा से मनुष्यत्व मर जाता है। लाखों वर्षों में मनुष्य पशुता से मनुष्यता की ओर आया। हम उसे फिर पशुता की ओर मोड़ना चाहते। हिंसा भी दो प्रकार की होती है -

एक संगठित हिंसा, दूसरी असंगठित हिसां। संगठित हिंसा के द्वारा जब हम किसी समस्या को हल करना चाहते हैं, तो उसमें भी नियमों का पालन करना पड़ता है, पर असंगठित हिंसा में कोई नियम नहीं रहता। आदमी मनुष्यता से गिरकर पशुवत व्यवहार पर उतर आया है।"

CGboardonline.com

प्रश्न (1) गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(2) "मनुष्यता" में प्रत्यय अलग कीजिए।

(3) विलोम शब्द लिखिए (1) हिंसा (2) संगठित

(4) हिंसा कितने प्रकार की होती है ?

(5) गद्यांश का एक तिहाई शब्दों में सारांश लिखिए।

प्रश्न 25. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए। (250 शब्दों में)

(1) विद्यार्थी और अनुशासन

(2) स्वच्छता हमारी जिम्मेदारी

CGboardonline.com

(3) छात्र जीवन समाचार पत्रों की भूमिका

(4) बढ़ती महंगाई की समस्या

(5) पुस्तकालय का महत्व

---00--

CGboardonline.com